तुष्टिगुण विश्लेषण (Utility Analysis)

DDE

Programme
B.A. General

Class:
B.A. Part -I

Subject:
Economics

Lesson No. 2

Dr. Mohinder Paul Mathur
Directorate of Distance Education
Kurukshetra University,
Kurukshetra

❖ तुष्टिगुण विश्लेषण (Utility Analysis)

➢ भूमिका (Introduction)

हम किसी वस्तु का क्रय क्यों करते है? यह एक उपभोक्ता इसलिए करता है क्योंकि इस से उसकी आवश्यकता की सन्तुष्टि होती है। खरीदी जाने वाली वस्तु में, एक ऐसा गुण होता है, जिससे उपभोक्ता की कोई न कोई आवश्यकता सन्तुष्ट होती है। किसी वस्तु में आवश्यकता सन्तुष्ट करने के गुण या शक्ति को उपयोगिता (Utility) कहते है। अतः यहां यह बात स्पष्ट हो जाती है कि एक उपभोक्ता वस्तु को इसलिए खरीदता है, क्योंकि उसमें उपयोगिता पाई जाती है। हम वस्तुए खरीदते है, कौन–सी और कितनी खरीदते हैं, इन सब प्रश्नों का उतर उपयोगिता की धारणा में निहित है।

वस्तु कितनी मात्रा में खरीदनी है तथा कौन सी वस्तु खरीदनी है इसका निर्णय एक उपभोक्ता विभिन्न वस्तुओं की उपयोगिताओं की तुलना करके कर सकता है। अतः एक उपभोक्ता कम उपयोगिता वाली वस्तु के स्थान पर अधिक उपयोगिता वाली वस्तु को खरीदेगा।

❖ **उपयोगिता को मापने की दो विधियां है।**

- ➢ गणनावाचक प्रणाली (Cardinal Utility Analysis)
- ➢ क्रमवाचक प्रणाली (Ordinal Utility Analysis)

यहाँ केवल उपयोगिता तथा उससे सम्बन्धित आधारभूत धारणाओं के बारे में बताया गया है।

- **उपयोगिता (Utility)**
  - **अर्थ (Meaning)**

जेवन्स (Jevous) पहले अर्थशास्त्री थे जिन्होंने अर्थशास्त्र में उपयोगिता शब्द का प्रयोग किया। उनके मतानुसार किसी पदार्थ या सेवा की आवश्यकताओं को सन्तुष्ट कर सकने की क्षमता को ही उपयोगिता कहते है।

❖ परिभाषा (Defination)

- उपयोगिता सन्तुष्टि का एक माप है जो एक व्यक्ति को वस्तुओं और सेवाओं से प्राप्त होती है। (आर.जे.आर. टौलेशन)
- उपयोगिता किसी पदार्थ का वह गुण है जो आवश्यकता को सन्तुष्ट करता है। (टिब्डन)
- किसी वस्तु के उपयोग से एक व्यक्ति को जो लाभ अथवा सन्तुष्टि प्राप्त होती है उपयोगिता कहलाती है। (पारकिन)
- अत: उपयोगिता किसी वस्तु की वह शक्ति या गुण है जो एक उपभोक्ता की आवश्यकता को पूरा करती है।

❖ उपयोगिता की विशेषताएं (Features of Utility)

- उपयोगिता भावगत है। (Utility is Subjective)
- उपयोगिता लाभदायकता से भिन्न है। (Utility Differs from Usefulness)
- उपयोगिता तथा नैतिकता का कोई सम्बन्ध नहीं है। (Utility is not Concerned with Morality)
- उपयोगिता सन्तुष्टि से भिन्न है (Utility Differs from Satisfaction)
- उपयोगिता सापेक्ष होती है। (Utility is Relative)
- उपयोगिता आवश्यकता की तीव्रता पर निर्भर करती है। (Utility Depends upon Intensity of Want)

❖ उपयोगिता के रूप (Forms of Utility)

- **रूपमूलक उपयोगिता (Form Utility)**– किसी पदार्थ का रूप बदल कर उसमें किसी आवश्यकता को सन्तुष्ट करने की पैदा की गई क्षमता
- **प्राकृतिक उपयोगिता (Natural Utility)**– मौलिक रूप में किसी आवश्यकता को पूरा करने का गुण रखने वाली वस्तुओं से प्राप्त उपयोगिता
- **स्थानमूलक उपयोगिता (Place Utility)**– स्थान परिवर्तन से किसी वस्तु में पैदा की गई उपयोगिता
- **समय मूलक (Time Utility)**– वस्तुओं की समय गुजरने के साथ उपयोगिता का बढना
- **सेवा मूलक उपयोगिता (Service Utility)**– सेवाओं से प्राप्त उपयोगिता

❖ उपयोगिता के प्रकार (Kinds of Utility)

- **प्रारम्भिक उपयोगिता (Initial Utility)**- किसी वस्तु की प्रथम ईकाई के उपभोग पर आधारित
- **सीमान्त उपयोगिता (Marginal Utility)**- किसी वस्तु के उपभोग की मात्रा में परिवर्तन तथा कुल उपयोगिता में अन्तर पर आधारित or $MU = \Delta Tu / \Delta Q$.
- **सीमान्त उपयोगिता** (i) घनात्मक (ii) शून्य तथा (iii) ऋणात्मक हो सकती है।
- **कुल उपयोगिता (Total Utility)**- किसी वस्तु की विभिन्न इकाईयों के उपभोग से प्राप्त उपयोगिता $Tux = f(Qx)$

कुल उपयोगिता तथा सीमान्त उपयोगिता में अन्तर
(Difference between Total Utility and Marginal Utility)

कुल उपयोगिता	सीमान्त उपयोगिता
किसी वस्तु की विभिन्न इकाईयों के उपभोग से प्राप्त उपयोगिता का जोड़,	किसी वस्तु की एक अधिक या कम इकाई के उपभोग करने से कुल उपयोगिता में होने वाला परिवर्तन
कुल उपयोगिता किसी वस्तु की विभिन्न इकाईयों से प्राप्त सीमान्त उपयोगिता का जोड है।	किसी वस्तु की अतिरिक्त इकाईयें का जैसे–जैसे अधिक उपभोग किया जाता है तो सीमान्त उपयोगिता घटती है
कुल उपयोगिता सामान्यतः धनात्मक होती है।	सीमान्त उपयोगिता धनात्मक, शून्य या ऋणात्मक भी हो सकती है।
जब सीमान्त उपयोगिता शून्य होती है तो कुल उपयोगिता अधिकतम होती है।	सीमान्त उपयोगिता ही कुल उपयोगिता में परिवर्तन की दर को निर्धारित करती है।

THANK YOU

इससे सम्बधित जानकारी के
लिए सम्पर्क करें: 9416413126